Regarding need to provide adequate irrigation facilities in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(बनासकांठा) :** मैं माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा की ओर दिलाना चाहती हूँ, जहां पर किसानों को सिचाई के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । बनासकांठा जिला कृषि और पशुपालन के लिए समर्पित जिला है । इस जिले के अधिकांश लोग कृषि कार्य में लगे हुए हैं । हालांकि, बनासकांठा जिले में भूजल स्तर गहरा होने के कारण यहां के किसान कुछ समय से चिंतित हैं वहीं इस जिले के पूर्वी-क्षेत्र की बात करें तो इसमें न तो कोई बांध की सुविधा है और न ही कोई नहर क्षेत्र । पूर्वी-क्षेत्र में पानी की समस्या अधिक है इस क्षेत्र के लोग वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं, तथा पिछले कुछ समय से भूजल गहराई में जाने के कारण यहां के किसान ग्रीष्मकालीन खेती नहीं कर पा रहे हैं, बल्कि सर्दी और मानसून की खेती पर निर्भर हैं । यदि मानसून में अच्छी बारिश होती है तो कुछ फसलें हो पाती हैं वरना यहाँ के किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है । इसलिए माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि यहाँ के किसानों की समस्या को ध्यान मे रखकर सिचाई की उचित व्यवस्था कराने की कृपा करें ।